


# उज्जैन में हथौड़ा वाले रहस्यमयी पोस्टर से मचा हड़कंप

## 18 जून की तारीख ने बढ़ाई चर्चा, पोस्टर लगाने वालों और मकसद की तलाश जारी

- हरीफाटक ब्रिज से कोठी रोड तक कई स्थानों पर लगे फ्लेक्स

**उज्जैन। महाकाल की नगरी इन दिनों सिंहस्थ-2028 की व्यापक तैयारियों, सड़क चौड़ीकरण, निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों के कारण चर्चा में है, तो दूसरी ओर समय-समय पर होने वाले धरना-प्रदर्शन, धार्मिक यात्राओं, सामाजिक आयोजनों और राजनीतिक गतिविधियों के कारण भी सुर्खियों में बनी हुई है। इसी बीच बुधवार को शहर में लगे एक रहस्यमयी फ्लेक्स पोस्टर ने प्रशासन, पुलिस और आम लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।**

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा के दौरान और उसके बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में एक विशेष पोस्टर दिखाई दिया। हरीफाटक ब्रिज, तरणताल क्षेत्र और कोठी रोड सहित कई स्थानों पर लगे इस फ्लेक्स में केवल एक बड़ा हथौड़े का चित्र और उसके नीचे 18 जून अंकित था। पोस्टर पर न तो किसी संगठन का नाम था, न कोई संदेश और न ही कोई संपर्क विवरण।

बुधवार शाम तक नगर निगम और प्रशासनिक अमले ऐसे पोस्टर लगाने वाले को ढूंढता रहा, इसी बीच कुछ लोगों द्वारा लगाए गए हैं वो पोस्टर हटा भी लिए गए, अधिकारियों का कहना है कि रैली, प्रदर्शन या विरोध दर्ज कराने का अधिकार सभी को है, बस इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया और अनुमति आवश्यक है। गुमनाम तरीके से पोस्टर लगाकर भ्रम या दहशत फैलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### चौड़ीकरण-अतिक्रमण से जुड़ा-विरोध का संदेश

शहर में चर्चा का एक बड़ा केंद्र यह भी रहा कि कहीं यह पोस्टर सिंहस्थ-2028 के लिए चल रहे चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से तो जुड़ा नहीं है। दरअसल, कई क्षेत्रों में सड़क विस्तार और विकास कार्यों के चलते मकान, दुकानें और कुछ धार्मिक स्थल भी प्रभावित हो रहे हैं। पूर्व में ऐसे मामलों में विरोध के स्वर भी सामने आए थे, हालांकि बाद में संवाद और सहमति के बाद अधिकांश स्थानों पर विकास कार्य शुरू हो गए। कई लोगों का मानना है कि पोस्टर किसी संभावित विरोध या असहमति का सांकेतिक संदेश हो सकता है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि किसी स्तर पर नहीं हुई है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति, बिना पहचान और बिना उद्देश्य स्पष्ट किए सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के पोस्टर लगाना नियमों के विरुद्ध है। पोस्टर को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सोशल मीडिया पर भी इसकी तस्वीरें तेजी से साझा की गईं। सूचना पर पुलिस, खुफिया एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने इसकी जांच-पड़ताल शुरू की, लेकिन देर शाम तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि पोस्टर किसने लगाए और उनका उद्देश्य क्या था।




### ब्लू कलर के फ्लेक्स किसके

फिलहाल शहर में सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि आखिर ब्लू कलर के फ्लेक्स पर हथौड़े का चित्र और 18 जून की तारीख लिखकर क्या संदेश देने की कोशिश की गई थी? पोस्टर लगाने वालों की पहचान और उनके उद्देश्य को लेकर प्रशासन की जांच जारी है। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच सामने आए इस रहस्यमयी पोस्टर ने पूरे शहर में उत्सुकता और चर्चा का माहौल बना दिया है।

## महाराणा प्रताप शौर्य यात्रा का स्वागत

**उज्जैन।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर निकाली गई 32वीं शौर्य यात्रा का अखिल भारतीय बैरवा महासभा की उज्जैन जिला इकाई ने भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मरमट के नेतृत्व में समाजजनों ने अतिथियों का आत्मीय सम्मान किया। मंच से बिहार की सांसद लवली नंदसिंह, सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रीना सिंह, गोवा के पूर्व एसपी महेश सिंह ओमगांवकर, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल सिंह चंदेल और हरदयाल सिंह ठाकुर का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। साथ ही विजय सिंह गौतम, संजय ठाकुर, मनोज ठाकुर और विजेंद्र सिंह कोकलाखेड़ी का भी सम्मान किया गया। राहुल अखंड एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप बेंडवाल के अनुसार इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, मदनलाल ललावत, राजेश जारवाल, शीला मरमट और सुशीला जाटवा, जगदीश मरमट और महंत अशोक भारती विशेष रूप से मौजूद रहे।

## एक नजर में



### लय और लक्ष्य का किकबॉक्सिंग में चयन

**उज्जैन।** शहर के सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल के होनहार खिलाड़ी लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा का चयन नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए हुआ है। सब-जूनियर वर्ग की यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 17 से 21 जून तक इंदौर के राजेंद्र नगर स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल (आईपीएस) मेन कैंपस में आयोजित की जा रही है। दोनों चयनित खिलाड़ी किकबॉक्सिंग कोच ज्वलंत शर्मा के पुत्र हैं। इससे पूर्व आयोजित राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में लय शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था, जबकि लक्ष्य शर्मा ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया था। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किए गए प्रदर्शन के आधार पर इटली के वेनिस में आयोजित होने वाली यूथ वर्ल्ड किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए भी खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन से शहर के खेल प्रेमियों में हर्ष है।



### ज्ञान और ध्यान से मिटता है अज्ञान

**उज्जैन।** जीव और परमात्मा में कोई भेद नहीं है। जिस तरह धूल से ढके दर्पण को साफ करने पर असली चेहरा दिखाई देता है, उसी तरह ज्ञान और ध्यान से अज्ञान नष्ट होने पर हृदय में विराजमान परमात्मा की अनुभूति होती है। यह बात अटल पीठाधीश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती ने मंगलवार शाम इंदिरानगर स्थित हरि सिंह यादव के निवास पर आयोजित एक दिवसीय प्रवचन में कही। विश्वात्मानंद सरस्वती ने कहा कि जीवन का मुख्य लक्ष्य उपासना और धार्मिक कार्य है। सृष्टि की रचना का उद्देश्य धर्म की वृद्धि करना है। धर्म पेड़ों पर फल की तरह नहीं लगता, बल्कि यह मनुष्यों द्वारा किए गए सत्कर्मों से बढ़ता है। रवि राय ने बताया कि प्रवचन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में नारायण यादव, प्रेम सिंह यादव के साथ ही संत सत्कार समिति, युवा मंच सत्संग समिति और अंबे समिति के सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित रहे।




### लेह लद्दाख 30 यात्रियों का जत्था रवाना

**उज्जैन।** लेह लद्दाख में सिंधु नदी के तट पर आयोजित होने वाले 30वें सिंधु दर्शन उत्सव और प्रथम सिंधु कुंभ के लिए उज्जैन से 30 यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। सिंधु दर्शन यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने सभी यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देकर विदाई दी। यात्रियों को रवाना करने के अवसर पर प्रकाश चित्तौड़ा, पुनीत सांखला, राजेंद्र शर्मा, श्रीमती उषा कंवर पवार, अनिल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सभी सदस्यों ने 30 यात्रियों के दल को लेह के लिए रवाना किया। जानकारी उषा ठाकुर ने दी।

# ज्ञानदास महाराज की कार पर पत्थरों से हमला

**उज्जैन।** सदावल रोड स्थित श्री दादूराम आश्रम के संत एवं श्री पंच निर्मोही अणि अखाड़े के महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज की स्कॉर्पियो एमपी-13 जेड डी-8717 पर चार अज्ञात युवकों ने बड़नगर रोड पर रात करीब 12.30 बजे हनुमानगढ़ी के पास उनकी गाड़ी रोकने की कोशिश की जब उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी तो युवकों ने पत्थरों से हमला किया जिसमें उनकी कार के आगे के कांच फूटे हैं। महाराज देवास से उज्जैन लौट रहे थे। महामंडलेश्वर ने मीडिया से कहा कि मुझ पर लगातार हमले हो रहे हैं। ऐसा चलता रहा तो दूसरे तीर्थ में बसना पड़ेगा। महाकाल थाना पुलिस ने शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की है। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी महाराज से चर्चा की। सीसीटीवी कैमरों से फुटेज से भी हमलावर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल महाराज आश्रम में सुरक्षित है।



# रंग बदलकर चला रहे थे चोरी का टैंकर, तीन गिरफ्तार

**उज्जैन।** ग्राम पंचायत समुदायिक भवन के सामने से चोरी हुआ ट्रेक्टर-टैंकर एक माह बाद पुलिस ने बरामद कर लिया। रिश्तेदारी में आये पिता-पुत्र ने भांनेज के साथ मिलकर चोरी किया था और रंग बदलकर उपयोग कर रहे थे। तीनों को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 15 मई को ग्राम सिलोदिया पंचायत सचिव चित्रागंद शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सिलोदिया पंचायत के ग्राम मुंगावदी से राज्य शासन द्वारा एक पानी का टेंकर दिया था। जो ग्राम के सामुदायिक भवन के पास खड़ा था, रात में कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया है। मामले में जांच शुरू की गई। कैमरे नहीं होने पर सुराग लगा पाना मुश्किल हो रहा था। बावजूद एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक गिरधारी कनेल, हरिगोविंद सिंह, शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया, आरक्षक अशोक चौहान की टीम बनाई और पड़ताल शुरू की गई। गांव में पूछताछ करने पर सामने आया कि चोरी वाली रात 3 लोग ट्रेक्टर से रिश्तेदारी में आये थे। इसके अलावा कोई संदिग्ध नहीं दिखाई दिया था। गांव में आये 3 लोगों का पता लगाया तो सामने आया कि नागदा के देवडुंगरी का रहने वाला सुरेश पिता थावरसिंह गुर्जर अपने पुत्र ईश्वरसिंह और भानेज बबलू पिता जीवनसिंह गुर्जर ग्राम सरवाना उन्हेल के साथ आया था। सुरेशसिंह का साडू गांव में रहता है। शंका के आधार पर एक टीम नागदा देवडुंगरी रवाना की गई और गांव वालों से पूछताछ शुरू की गई। तभी सामने आया कि सुरेश एक टेंकर लेकर आया था, जिसका रंग बदला गया है। इसी आधार पर सुरेश को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उसने पुत्र और भानेज के साथ चोरी करना कबूल कर लिया। मंगलवार को उनकी निशानदेही पर रंग बदला टैंकर और चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर बरामद कर लिया गया है। तीनों से पूछताछ जारी है, बरामद टैंकर की कीमत 2 लाख और चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर 6 लाख कीमत का है।

### कर्ज और तनाव में दो लोगों ने लगाई फांसी

उज्जैन। कर्ज से परेशान और तनाव में चल रहे दो लोगों ने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक मैकेनिक था और दूसरा मजदूरी करता था। पुलिस ने दोनों के पोस्टमार्टम कराए हैं परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। आज सुबह अंबर कॉलोनी में रहने वाला विनीत कटारिया अपने पिता आकाश पिता मांगीलाल कटारिया के कमरे में पहुंचा तो उसने साड़ी के फंदे पर लटका देखा। शोर मचाकर चाचा लोकेश को बुलाया और फंदे से उतर कर चरक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर नीलगंगा पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। भाई विशाल ने बताया कि आकाश मजदूरी करता था उसके दो बेटे हैं। पत्नी 2 साल से अलग रहकर इंदौर में नौकरी कर रही है। आकाश पर कर्ज अधिक हो गया था संभवत इसी के चलते उसने फांसी लगाई है पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। दूसरी आत्महत्या का मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र की अलाउंस सिटी का है। यहां रहने वाला सत्यनारायण पिता मुकेश पाटीदार मूल रूप से मंदसौर का रहने वाला था और महिंद्रा शोरूम पर मैकेनिक का काम करता था। सुबह शोरूम जाने का बोलकर निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। भाई और पिता उसकी तलाश में निकले। सत्यनारायण कई बार कॉलोनी में ही रहने वाले दोस्त के यहां रुक जाता था। पिता ने खिड़की से देखा तो सत्यनारायण फंदे पर लटका दिखाई दिया। पिता ने पुलिस को सूचना दी। जांच के दौरान सामने आया कि दोस्त बाहर गया हुआ है चाबी सत्यनारायण को दे गया था। बताया जा रहा है कि सत्यनारायण कुछ दिनों से तनाव में चल रहा था। पत्नी पूजा और बेटा घर लौटने इंतजार कर रहे थे।

# हत्या के बाद भाई की अर्थी को मुंडन कराकर कंधा देने पहुंचा आरोपी

- मामला हीरामिल की चाल में हुई शराब को लेकर हत्या का

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में चाकू घोंप भाई का कत्ल करने वाला सिर मुंडवा कर घूम रहा था। 2 दिन बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

हीरामिल की चाल में रहने वाले मनीष टेटवाल की 13 जून की रात चाकू घोंप छोटे भाई सागर उर्फ नाना पिता मोहनलाल ने कत्ल कर दिया था। घटना के बाद देवासगेट थाना पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस पता चला कि मनीष अपनी मां से मछली बनाने और शराब लाने के लिये झगड़ा कर रहा था। सागर ने समझाने का प्रयास किया तो नशे में दोनों के बीच विवाद हो गया था। सागर ने चाकू सीने में घोंप दिया था और भाग निकला था। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि भाई का कत्ल करने वाले की तलाश में एसआई राधेश्याम आंवलिया, एएसआई रामेश्वर धानक, प्रधान आरक्षक सुमित सोनाने, मनीषसिंह, आरक्षक विनोद को अलर्ट किया गया। 2 दिन बाद खबर मिली कि आरोपी अपने घर हीरामिल की चाल आया हुआ है। तत्काल टीम ने सोमवार रात दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सागर ने सिर मुंडवा लिया था। उससे पूछताछ करने पर सामने आया कि भाई का कत्ल करने के बाद उसने सिर मुंडवाया था, वह लाश को कांधा देने भी गया था, लेकिन पुलिस के डर से वापस लौट आया था। एसआई राधेश्याम आंवलिया ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त चाकू हिरदेश्वर महादेव मंदिर के पास झाड़ियों में छुपा दिया था। जिसे बरामद कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### एकतरफा प्यार में नाबालिग के परिवार पर किया हमला

उज्जैन। शाजापुर का परिवार सालभर से पंवासा में रहकर मजदूरी कर रहा है। मंगलवार सुबह घासमंडी सराय मजदूरी की तलाश में पहुंचा था, उसी दौरान पंवासा के रहने वाले संदीप नामक युवक ने अपने 2 साथियों के साथ परिवार पर हमला कर दिया। घटनाक्रम में मजदूर परिवार का ईश्वर पिता मोतीलाल सिर में गंभीर चोंट लगने पर घायल हो गया। बीच-बचाव में पत्नी भूरीबाई आई तो संदीप ने दांतों से हाथ पर काट लिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले की खबर मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस सराय पहुंची और घायल दंपति को अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद थाने लाया गया। जहां भूरीबाई ने बताया कि संदीप उनकी 14 साल की बेटी के पीछे पड़ा है। उसका कहना है कि प्यार करता है। सोमवार रात उसे समझाया था और पुलिस शिकायत करने की बात कहीं थी, लेकिन वह माफी मांगकर चला गया था। सुबह सराय में आकर हमला किया है। एएसआई मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि मामले में घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर संदीप को हिरासत में लिया गया है।

# उज्जैन ने ताईक्वांडो चैंपियनशिप में हासिल किए 3 स्वर्ण, 2 रजत पदक

**उज्जैन। सागर में आयोजित थर्ड मध्य प्रदेश ताइक्कांडो गोल्ड कप चैंपियनशिप में उज्जैन की लायंस ताइक्कांडो टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 12 से 14 जून तक हुई इस स्पर्धा में टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए 3 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल सब जूनियर चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया है।**


प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालक वर्ग में सम्मर सेन ने 31 किलो, लोकेंद्र राय ने 35 किलो और विशाल कछवा ने 45 किलो वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। इसी वर्ग के 28 किलो में ध्रुव शेर को रजत पदक मिला। कैडेट बालक वर्ग के 65 किलो में शैलेंद्र कछवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता, जबकि 45 किलो में दिव्यांश वर्मा और 48 किलो में गणेश गोलवाना पांचवें स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग के 48 किलो में लक्ष्य आठिया व 55 किलो में सोनू मालवीय ने कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं, सीनियर बालक वर्ग के 58 किलो में प्रतीक गहलोत और 63 किलो में नीलेश केशवाल ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इससे खेलप्रेमियों में अपार उत्साह है।



### प्रदेश में दूसरा स्थान पर मिलने पर दी बधाई

लायंस ताइक्कांडो टीम उज्जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि और प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल करने पर खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## देवास गेट थाना प्रभारी परिहार का किया सम्मान



**उज्जैन।** शहर के देवास गेट थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवा नेताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी परिहार का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया और क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनकी सराहना की। सम्मान समारोह में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रजापत और महादेव कैफे के संचालक राहुल ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रूप सिंह जाट, विजय सिंह ठाकुर, जितेंद्र परमार और रवि वर्मा ने भी थाना प्रभारी का स्वागत किया। सभी उपस्थितजनों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए थाना प्रभारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सीए विद्यार्थियों ने जानी उद्योग संचालन और प्रबंधन की बारीकियां

- छात्र इकाई सिकासा ने कराया
- औद्योगिक भ्रमण

**उज्जैन।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की उज्जैन शाखा की छात्र इकाई सिकासा द्वारा सीए विद्यार्थियों के लिए शहर के प्रतिभा स्वराज में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में बड़ी संख्या में सीए विद्यार्थियों ने भाग लिया और उद्योग संचालन की बारीकियों को करीब से समझा।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली, संचालन प्रबंधन तथा आधुनिक औद्योगिक कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभा स्वराज के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों का भ्रमण कराते हुए निर्माण प्रक्रिया एवं प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर व्यावहारिक ज्ञान का विस्तार किया। समन्वय मानव भावसार ने किया। आयोजन के पश्चात प्रतिभा स्वराज प्रबंधन का आभार माना। जानकारी सीए आतुश जैन ने दी।




### व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध बनाते हैं ऐसे आयोजन

इस अवसर पर शाखा पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यावसायिक जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराते हैं तथा उनके किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव को भी समृद्ध बनाते हैं। कार्यक्रम में सीए आशीष तोतला, सीए आतुश जैन, अनीश चौधरी, सीए रितेश तलरेजा, पूर्व अध्यक्ष सीए अकृत जैन और सदस्य सीए अंकुर गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एक नजर में ▶ माथे पर लगा रखा था चंदन का तिलक, आधार देखा तो पता चला सरफराज है, पूणे से हिंदू युवती को साथ लाया था

# भस्मार्ती के लिए लाइन में लगा था मुस्लिम युवक, बजरंग दल ने पकड़ा

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में बुधवार तड़के 4 बजे भस्मारती के लिए हरसिद्धि चौराहे के पास चलित लाइन में लगे एक युवक पर शंका हुई और उसका आधार चेक किया तो वह सरफराज शेख निकला। बजरंग दल के लोगों ने उसकी पिटाई की। वह पुणे से एक हिंदू युवती को साथ लेकर आया था।

महाकाल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लिया। पुलिस ने दोनों के घर वालों को उज्जैन बुलाया है। युवक ने माथे पर चंदन के त्रिपुंड के साथ महाकाल का नाम लिखवा रखा था। जब पिटाई हुई तो मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया दोनों पक्षों से शिकायत नहीं होने पर अभी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।





### यामी और निर्देशक आदित्य धर महाकाल आए

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेत्री यामी गौतम व फिल्म निर्देशक आदित्य धर ने बुधवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से आशीर्वाद लिया। मंदिर के पंडे-पुजारियों ने उनका पूजन संपन्न कराया। इसके बाद नंदी हाल में मंदिर प्रबंध समिति की ओर से दोनों का स्वागत किया गया। दोनों मंदिर में दर्शन कर काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल की कृपा से सब काम चल रहे हैं।